>

Title: Need to set-up iron ore and other minerals based factories in Sagar and Chhattarpur districts in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र जिसमें सागर जिले के शाहगढ़ से लेकर छत्तरपुर जिले के बड़ा मलहरा बिजावर आदि क्षेत्र खनिज संपदा से भरे पड़े हैं। यहां प्रचुर मात्रा में राकफास्फेट, डोलोमाइट एवं लोहा भरा पड़ा है। अभी छत्तरपुर जिले में हीरा भी निकलने लगा है। यहां से राकफास्फेट, डोलोमाइट बड़ी मात्रा में दूसरे राज्यों में औद्योगिक उपयोग हेतु भेजा जाता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन खनिजों पर आधारित उद्योगों को सागर एवं छत्तरपुर जिले में लगाया जाना चाहिए तथा विशेÂष रूप से लोहे का कारखाना लगाने की पहल होनी चाहिए, जिससे बुंदेलखंड का आर्थिक औद्योगिक विकास होने के साथ ही यहां नौजवानों को भी बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर उपलबध हो सकेंगे।